गेहूँ फसल की खेती हेतु वैज्ञानिक सलाह

- गेहूँ के अधिक उत्पादन के लिए नवम्बर के पहले दो सप्ताह उत्तम हैं। बुआई के लिए उन्नत प्रजातियों **HD-2967, DBW-187, DBW-222, HD-3086, HD-3226, DBW-252,** समय से बुआई हेतु सबौर समृद्धि तथा **HI-1563** तथा देर से बुआई हेतु सबौर श्रेष्ठ प्रजाति की बुआई करें।
- गेहूँ में खरपतवार नियंत्रण के लिए बुआई के 30 दिन बाद सल्फोसल्फ्यूरॉन + मेटसल्फ्यूरॉन (टोटल) 16 ग्राम प्रति एकड़ की दर से 120 से 150 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।
- चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार में मकोए या भांग की अधिकता हो तब क्लोडिनाफाप (160 ग्राम/एकड़) + कार्फेन्ट्रोजोन (20 ग्राम/एकड़) की दर से 120 से 150 लीटर पानी में घोल बनाकर बुआई के 30 दिन बाद छिड़काव करें।
- गेहूँ की फसल में बुआई के समय 50 किग्रा. डी.ए.पी. एवं पहली सिंचाई के बाद प्रति एकड़ 56 किग्रा. यूरिया तथा दूसरी सिंचाई के बाद 56 किग्रा. प्रति एकड़ की दर से यूरिया का छिड़काव करें।
- गेहूँ की अधिक पैदावार के लिए बुआई 15 नवम्बर से पहले करें। अगेती बुआई करने के लिए जीरो टिलेज विधि अपनायें।
- गेहूँ की अधिक पैदावार व बेहतर आकार के स्वस्थ दानों के लिए दाना भरते समय सिंचाई जरूर करें।
- गेहूँ में सही तरह से खरपतवार नियंत्रण के खरपतवारनाशी छिड़काव के लिए फ्लैटफैन नाजिल व बूम नाजिल का प्रयोग करें।
- जिंक की कमी के लक्षण दिखाई पड़ने पर 0.5 प्रतिशत एवं 1 प्रतिशत यूरिया के घोल का छिड़काव करना चाहिए।

ज्ञापांक सं0 : 166/नि.प्र.शि., बि.कृ.वि., सबौर/ 2132 — दिनांक : 11.11.2024

प्रतिलिपि :

- ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केन्द्र के लिए चयनित कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया, औरंगाबाद, बाँका, गया, कटिहार, खगड़िया पूर्णियाँ एवं शेखपुरा के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित। कृपया उपरोक्त का प्रचार-प्रसार ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केन्द्र के माध्यम से करना सुनिश्चित किया जाय।
- वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र (सभी) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि उपरोक्त सलाह का प्रचार-प्रसार कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से किसानों के बीच कराना सुनिश्चित करें।
- प्रभारी, कृषि मौसम परामर्श केन्द्र, बिहार कृषि महाविद्यालय, सबौर/अगवानपुर, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित। कृपया उपरोक्त सलाह को कृषि मौसम परामर्श कैन्द्र के माध्यम से प्रचारित करना सुनिश्चित करें।
- प्रभारी, मीडिया सेन्टर, बि.कृ.वि., सबौर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित। कृपया उपरोक्त सलाह को सामुदायिक रेडियो स्टेशन के माध्यम से प्रसारित कराना सुनिश्चित करें।

11/11/24

(आर. के. सोहाने)
निदेशक प्रसार शिक्षा